# हरियाणा विधान सभा

**(9 अगस्त, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

----

**कुल प्रश्न - 37**

----

## उर्वरकों की कमी तथा जमाखोरी

41 **श्री. अभय सिंह चौटाला** (Ellenabad ):

क्या **Agriculture and Farmer Welfare Minister** be pleased to state that:-:= क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में उर्वरकों की कमी तथा जमाखोरी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं ?

----

## मृदा सरंक्षण के लिए योजनाओं का ब्यौरा

42 **श्री. राकेश दौलताबाद** (Badshahpur):

क्या **Forest Minister** be pleased to state that:-:-

क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) अरावली की पहाडियों में सुरक्षित खाईयों/ तालाबें तथा अन्य अवसंरचनाओं का निर्माण तथा मृदा संरक्षण के लिए सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

(ख) अरावली की पहाड़ियों में सुरक्षित खाइयों/तालाबों तथा अन्य अवसरंचनाओं का निर्माण तथा मृदा संरक्षण के लिए वर्ष 2014 से आज तक वन विभाग द्वारा किये गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग)उपरोक्त कार्यो के लिए दी गई निविदाओं सहित उनकी प्रतियों का ब्यौरा क्या है?

----

## चिकित्सकों की नियुक्ति

43 **श्री. प्रदीप चौधरी** (Kalka):

क्या **Ayush Minister** be pleased to state that:-:= क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के मोरनी खण्ड के गांव टिक्कर ताल, टंडोग तथा मनधाना के आयुर्वेदिक अस्पतालों में गत कई वर्षों से चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हुई है; यदि हां, तो उपरोक्त आयुर्वेदिक अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति कब तक किये जाने की संभावना है?

----

## सड़क का निर्माण

44 **श्री. नीरज शर्मा** (Faridabad NIT):

क्या **Public Work (B&R) Minister** be pleased to state that:-:-

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे-

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव धौज से फतेहपुर तगा तक की सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन है; यदि हां, तो इसके निर्माण पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है तथा उक्त सड़क का निर्माण कार्य कब पूरा किया गया था तथा उक्त सड़क की क्षति देयता अवधि का ब्यौरा क्या है?

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त सड़क पर पानी खड़ा रहता है तथा सड़क कई जगहों से क्षतिग्रस्त हुई पड़ी है; यदि हां,तो इसके लिए उत्तरदायी अधिकारी का नाम क्या है तथा उक्त सड़क की कब तक मरम्मत या पुनःनिर्माण किये जाने की संभावना है?

----

## चिराग योजना की स्थिति

45 **श्री बलराज कुंडू** (Mehem):

क्या **Education Minister** be pleased to state that:-:-

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि 134-क के बजाए वैकल्पिक योजना के रूप में चिराग योजना को सरकार ने पेश किया है; यदि हां, तो योजना की स्थिति क्या है तथा आज तक उक्त योजना के अंतर्गत नामांकित बच्चों की संख्या कितनी है तथा उक्त योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों का जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत प्रवेश से वंचित किए गए पात्र बच्चों की संख्या कितनी है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए?

----

## रास्ते का निर्माण करना

46 **श्री. दीपक मंगला** (Palwal):

क्या **Urban Local Bodies Minister** be pleased to state that:-:-

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत भंगुरी रजबाहे के दोनों तरफ जवाहर नगर कैंप से शमशान घाट तक रास्ते का निर्माण होना था परन्तु इसका निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नहीं किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब निर्मित किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## सालवन को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

47 **श्री. शमशेर सिंह गोगी** (Assandh):

क्या **Tourism Minister** be pleased to state that:-:= क्या पर्यटन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव सालवन में स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की 22 एकड़ भूमि को विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसका विकास कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

----

## मल संशोधन संयंत्र की क्षमता बढ़ाना

48 **श्री. राम कुमार** (Indri):

क्या **Public Health Engineering Minister** be pleased to state that:-:-

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) धनौरा एस्केप पर मल संशोधन संयंत्र कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त मल संशोधन संयंत्र की क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त संशोधन संयंत्र की क्षमता कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

49 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला** (Badhra):

क्या **Health Minister** be pleased to state that:-:= क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि गांव बढवाना, चिड़िया तथा बिरही कलां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## लघु उद्योग स्थापित करना

50 **श्री. सीता राम यादव** (Ateli)ः

क्या **Industries and Commerce Minister** be pleased to state thatः-ः-

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या पदमा योजना के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक खण्ड में एक लघु उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पक्का घर उपलब्ध करवाना

51 **श्रीमती रेनू बाला** (Sadhaura)ः

क्या **Housing for All Minister** be pleased to state thatः-ः-

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या वर्ष 2022 तक राज्य में प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) गत 7 वर्षों के दौरान राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में उपरोक्त प्रस्ताव को लागू करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए?

----

## कपास की फसल को बचाने के लिए

52 **श्री. अभय सिंह चौटाला** (Ellenabad )ः

क्या **Agriculture and Farmer Welfare Minister** be pleased to state thatः-ः= क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में किसानों की कपास की फसल को कीट इत्यादि से बचाने के लिए सरकार द्वारा कोई प्रबन्ध किए गए हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पौधा रोपण के रख-रखाव के लिए योजनाएं

53 **श्री. राकेश दौलताबाद** (Badshahpur)ः

क्या **Forest Minister** be pleased to state thatः-ः-

क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) जिला गुरूग्राम में हर्बल पार्कों की स्थापना तथा रखरखाव, पौधा रोपण तथा

पौधों के रख-रखाव के लिए सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) जिला गुरूग्राम में वर्ष 2014 से आज तक उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत आरम्भ किये गए कार्यो का ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्ष 2022-23 के लिए जिला गुरूग्राम में उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत वृक्षारोपण, रख–रखाव तथा वृक्षों की छलरचना तथा बाड़ लगाने पर सरकार द्वारा आवंटित निधियों तथा किये गए व्यय का ब्यौरा क्या है; तथा
(घ) उपरोक्त कार्यों के लिए दी गई निविदाओं का उनकी प्रतियों सहित ब्यौरा क्या है?

----

## विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाना

54 **श्री. प्रदीप चौधरी** (Kalka):

क्या **Education Minister** be pleased to state that:-:-

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें सत्र 2022-23 के लिए उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं; यदि हां तो, उसके कारण क्या है तथा विद्यार्थियों को कब तक पुस्तकें उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है; तथा
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार द्वारा साईकिलों के लिए बजट भी उपलब्ध नहीं करवाया गया है; यदि हां, तो साईकिलों के लिए बजट कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है ?

----

## घोटाले की जांच

55 **श्री. नीरज शर्मा** (Faridabad NIT):

क्या **Rehabilitation Minister** be pleased to state that:-:-

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या फरीदाबाद के हार्डवेयर चौंक पर स्थित पुनर्वास विभाग की जमीन पर कोई घोटाला सरकार के संज्ञान में आया है; यदि हां, तो उस विभाग का नाम क्या है जिसके द्वारा इस संबंध में जांच की गई है;
(ख) उक्त जांच के परिणाम का ब्यौरा क्या है तथा उक्त घोटाले में शामिल व्यक्तियों का नाम क्या है; तथा
(ग) दोषियों के खिलाफ सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

----

## रजिस्ट्री घोटाले का ब्यौरा

56 **श्री बलराज कुंडू** (Mehem):

क्या **Revenue and Disaster Management Minister** be pleased to state that:-:-
क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे-

(क) राज्य में कोरोना अवधि तथा लोक डाऊन के दौरान सरकार द्वारा की गई फर्जी रजिस्ट्रियों की कुल संख्या कितनी है तथा उक्त रजिस्ट्री के घोटाले की जांच में दोषी पाए गए अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या कितनी है तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्व सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई; तथा

(ख) उक्त रजिस्ट्री घोटाले में सरकार द्वारा खर्च किये गए राजस्व की कुल हानि कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## फुट ओवर ब्रिज का निर्माण

57 **श्री. दीपक मंगला** (Palwal):

क्या **Public Work (B&R) Minister** be pleased to state that:-:-
क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल से अलावलपुर सड़क पर फ्लाई ओवर पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने की अनुमति सरकार द्वारा दी गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ग्राम दर्शन पोर्टल के अंतर्गत विकास कार्य

58 **श्री. राम कुमार** (Indri):

क्या **Development and Panchayats Minister** be pleased to state that:-:= क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि ग्राम दर्शन पोर्टल के अंतर्गत करनाल जिले में अब तक किए गए विकास कार्यो का खण्डवार ब्यौरा क्या है?

----

## एस.डी.एम. कार्यालय जगाधरी के अन्तर्गत आने वाली पंचायतें

59 **श्रीमती रेनू बाला** (Sadhaura):

क्या **Revenue and Disaster Management Minister** be pleased to state that:-:=
क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सढौरा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक पंचायतें ऐसी है जो खण्ड बिलासपुर, थाना सढौरा, तहसील मुस्तफाबाद, एस.डी.एम. कार्यालय जगाधरी तथा एक्स.ई.एन (लोक निर्माण विभाग) तथा मार्केटिंग बोर्ड, नारायणगढ के अन्तर्गत आती है; यदि हां, तो उसका

ब्यौरा क्या है?

----

## फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करना

60 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला** (Badhra)ः

क्या **Agriculture and Farmer Welfare Minister** be pleased to state that:-:= क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बाढ़डा में टमाटर तथा नींबू से संबंधित फलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## स्वीकृत तथा रिक्त पदों का ब्यौरा

61 **श्री. वरुण चौधरी** (Mullana )ः

क्या **Home Minister** be pleased to state that:-:-

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य के नारकोटिस कन्ट्रोल ब्यूरो में 15 जुलाई, 2022 तक मुख्यालय तथा राज्य के प्रत्येक जिले में स्वीकृत तथा रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) इसकी स्थापना के समय से उपरोक्त ब्यूरो के गठन के क्या परिणाम है?

----

## किसानो की आय दोगुना करना

62 **श्री. अभय सिंह चौटाला** (Ellenabad )ः

क्या **Agriculture and Farmer Welfare Minister** be pleased to state that:-:= क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राज्य में फसलों की लागत दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे है परन्तु किसानों की आय कम हो रही है जबकि वर्ष 2022 तक किसानो की आय दोगुना करने का सरकार द्वारा वादा किया गया है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## "आपकी बेटी हमारी बेटी" स्कीम के अन्तर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या

63 **श्री. राकेश दौलताबाद** (Badshahpur)ः

क्या **Minister of State for Women & Child Development** be pleased to state that:-:-

महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में "आपकी बेटी हमारी बेटी" स्कीम के अन्तर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है तथा स्कीम की आरम्भ होने की तिथि से आज तक उनके नाम, एल.आई.सी. पॉलिसी संख्या तथा अन्य ब्यौरे क्या हैं;

(ख) उपरोक्त स्कीम के अन्तर्गत व्यय की गई तथा आंबटित निधियों तथा उनकी प्रतियों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) जिला गुरूग्राम में उपरोक्त स्कीम के अन्तर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है तथा स्कीम के आरम्भ होने की तिथि से आज तक उनके नाम, एल.आई.सी. पॉलिसी संख्या तथा अन्य ब्यौरे क्या हैं ?

----

## होमगार्ड कर्मियों को नियमित करना

64 **श्री. प्रदीप चौधरी** (Kalka)ः

क्या **Home Minister** be pleased to state that:-:-

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य में होमगार्ड कर्मियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) क्या राज्य में होमगार्ड कर्मियों के सेवा नियमों तथा वेतन में संशोधन करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सरकार द्वारा अस्पताल को छूट

65 **श्री. नीरज शर्मा** (Faridabad NIT)ः

क्या **Health Minister** be pleased to state that:-:-

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद के सैक्टर-88 में एक निजी न्यास द्वारा 2400 बेडों का अस्पताल तथा चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण किया जाना है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त अस्पताल को सरकार द्वारा कोई छूट दी गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एस. वाई. एल. तथा हांसी बुटाना लिंक नहर की वर्तमान स्थिति

66 **श्री बलराज कुंडू** (Mehem)ः

क्या **Irrigation and water Resources Minister** be pleased to state that:-:-

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) एस. वाई. एल. तथा हांसी बुटाना लिंक नहर की वर्तमान स्थिति तथा अब तक नहरों

को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए; तथा
(ख) राज्य में कृषि भूमि की सिंचाई की वर्तमान स्थिति तथा नलकूप एवं नहर के माध्यम से भूमि सिंचाई का जिलावार ब्यौरा क्या है?

----

## फुट ओवर ब्रिज का निर्माण

67 **श्री. दीपक मंगला** (Palwal)**:**

क्या **Public Work (B&R) Minister** be pleased to state that**:-:-**
क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल जेवर अलीगढ सड़क पर मोहन नगर तथा सल्लागढ में आर. ओ. बी. पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की सरकार द्वारा अनुमति दी गई है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## कौशल रोजगार निगम के अतंर्गत लाभार्थियों की संख्या

68 **श्री. राम कुमार** (Indri)**:**

क्या **Chief Minister** be pleased to state that**:-:=** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि जिला करनाल में कौशल रोजगार निगम के अन्र्तगत लाभार्थियों का खण्ड-वार अब तक ब्यौरा क्या है?

----

## पशु औषधालयों का दर्जा बढ़ाना

69 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला** (Badhra)**:**

क्या **Animal Husbandry and Dairying Minister** be pleased to state that**:-:=** क्या पशु पालन तथा डेयरी विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नोरंगाबाद राजपुताना के पशु औषधालयों का दर्जा पशु-अस्पताल के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति

70 **श्री. वरुण चौधरी** (Mullana )**:**

क्या **Development and Panchayats Minister** be pleased to state that**:-:=** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि मुलाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणा के पांच करोड़ रूपये के अन्तर्गत विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## अनाज की चोरी को रोकने के लिए

71 **श्री. अभय सिंह चौटाला** (Ellenabad ):

क्या **Agriculture and Farmer Welfare Minister** be pleased to state that:-:= क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के गोदामों में गेहूं के प्रबंधन के नाम पर विभिन्न एजेंसियों द्वारा अनाज की चोरी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका जिलावार ब्यौरा क्या है?

----

## अध्यापक प्रशिक्षण का ब्यौरा

72 **श्री. राकेश दौलताबाद** (Badshahpur):

क्या **Education Minister** be pleased to state that:-:-
क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) गत् 5 वर्ष में डाइट ( जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) गुरूग्राम द्वारा विषय वार कितने अध्यापकों (जे.बी.टी., टी.जी.टी., पी.जी.टी.) के प्रशिक्षण आयोजित किए गए;
(ख) किस मानदंड तथा प्रक्रिया के अंतर्गत प्रशिक्षण से पहले तथा बाद में डाइट द्वारा अध्यापकों के ज्ञान के स्तर का मूल्यांकन किया गया; तथा
(ग) डाइट अध्यापकों की रैंकिग के लिए अपनाए गए मानदंड तथा प्रक्रिया क्या है तथा क्या डाइट अध्यापकों को केवल उनके ज्ञान के अनुसार रैंक निर्धारित करती है?

----

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की संख्या

73 **श्री बलराज कुंडू** (Mehem):

क्या **Welfare of SCs & BCs Minister** be pleased to state that:-:-
क्या अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) वर्ष 2018 से आज तक राज्य में लागू मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अन्तर्गत आवदेन करने वाले व्यक्तियों की कुल कितनी है तथा समयावधि क्या है जिसके अन्दर आवदेन की तिथि से आवेदक को कन्यादान/शगुन की राशि प्राप्त होती है;
(ख) क्या उपरोक्त योजना के अन्तर्गत राशि जारी करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा निर्धारित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त योजना के अंतर्गत कुल प्राप्त आवेदनों में से उन आवेदकों की संख्या कितनी है जो लाभान्वित हुए हैं; तथा
(घ) उन आवेदकों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें अब तक उक्त योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है तथा आज तक लम्बित आवदेनों की कुल संख्या कितनी है ?

----

## सड़क का निर्माण

74 **श्री. दीपक मंगला** (Palwal):

क्या **Public Work (B&R) Minister** be pleased to state that:-:-
क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः
(क) सनातन धर्म महाविद्यालय, पलवल के सामने गोदाम की अप्रोच सड़क के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## स्कूलों में पौधारोपण

75 **श्री. राम कुमार** (Indri):

क्या **Education Minister** be pleased to state that:-:= क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में खाली पड़े स्थानों में पौधारोपण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## स्मार्ट पुस्तकालय स्थापित करना

76 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला** (Badhra):

क्या **Education Minister** be pleased to state that:-:= क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में ग्राम स्तर पर स्मार्ट पुस्तकालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त पुस्तकालयों के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

----

## सड़कों की मरम्म्त करना

77 **श्री. वरुण चौधरी** (Mullana ):

क्या **Agriculture and Farmer Welfare Minister** be pleased to state that:-:= क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि मुलाना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 जुलाई, 2022 तक मरम्मत के लिए लंबित पड़ी हरियाणा राज्य एग्रीकलचर मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों का ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?

----

चंडीगढ़.<br>दिनांक 9 अगस्त, 2022.

राजेन्द्र कुमार नांदल,<br>सचिव